कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ–ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002

क्रमांक / Q-1 / छात्र / काउंसिलिंग / संचिशि / 2026 रायपुर, दिनांक 21/02/2026

/ / छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स), बिलासपुर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सत्र 2025 हेतु MD Respiratory Medicine की नवीन सीटें जुड़ने के कारण उक्त संस्था में स्ट्रे वेकेंसी राउण्ड काउंसिलिंग अंतर्गत संस्था चयन की अंतिम तिथि में समयवृद्धि किये जाने संबंधी सूचना / /

कार्यालय अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बिलासपुर द्वारा जारी पत्र क्रमांक / 3208 / छात्र शाखा / सम्सि / 25 दिनांक 21 / 02 / 2026 के माध्यम से राज्य कोटे की रेस्पिरेटरी मेडिसिन विषय की 01 (एक) सीट को काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित किए जाने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 01 सीट को वर्तमान चरण की काउंसलिंग में रोस्टर बिंदु के नियमानुसार ओबीसी श्रेणी में जोड़ा जा रहा है।

अतः इस चरण में सम्मिलित पूर्व पंजीकृत पात्र अनावंटित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में चॉइस लॉकिंग की जा चुकी है, वे अपनी चॉइस को अनलॉक कर संशोधित विकल्प पुनः भर सकते हैं तथा जिन अभ्यर्थियों द्वारा अभी तक चॉइस लॉकिंग नहीं की गई है, वे चॉइस फिलिंग के दौरान उक्त विषय की सीट को अपने विकल्प में सम्मिलित कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए स्ट्रे वेकेंसी राउण्ड काउंसिलिंग हेतु चॉइस फिलिंग / चॉइस लॉकिंग की अंतिम तिथि में समय वृद्धि करते हुए इसे **दिनांक 22.02.2026 को रात्रि 11:59 PM Server Time 23:59 Hrs** बजे तक निर्धारित किया जाता है।

(आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

21/2/2026

अध्यक्ष,
चिकित्सा स्नातकोत्तर काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, छ.ग.